बौद्धिक संपदा अधिकार का संरक्षण महत्वपूर्ण

सीमांत इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

एसआईटी में हुई कार्यशाला में मौजूद निदेशक और प्रतिभागी। स्रोत : स्वयं

पिथौरागढ़। सीमांत इंजीनियरिंग कॉलेज (एसआईटी) में यूसर्क की ओर से आयोजित दो दिवसीय बौद्धिक संपदा का अधिकार (आईपीआर) कार्यशाला का समापन हो गया है। इसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि वीर माधो सिंह भंडारी, उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी देहरादून के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने ऑनलाइन पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, जीआई टैगिंग के बारे में जानकारी दी। यूसर्क देहरादून की निदेशक प्रो. अनीता रावत ने भी रिसर्च प्रोजेक्ट में आईपीआर के उपयोग पर प्रकाश डाला।

यूसर्क के वैज्ञानिक डॉ. भवतोष शर्मा, कैंपस निदेशक प्रो. अजीत सिंह, समन्वयक कुलसचिव डॉ. हेमंत जोशी, डॉ. विकास पंत ने आभार जताया। संचालन प्रो. ज्योति जोशी बिष्ट, प्रो. योगेश कोठारी, डॉ. पुनीत चंद्र वर्मा ने किया।